दिनांक 16 अप्रैल 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# शहर से हटने लगे बेतरतीब होर्डिंग, 3 दिन तक लगातार चली कार्रवाई, होर्डिंग हटाने कई बार एजेंसियों को दिया जा चुका था नोटिस, नहीं हटाया तो निगम ने की हटाने की कार्रवाई

भिलाई नगर/ भिलाई के पूरे शहर से अब बेतरतीब होर्डिंग हटने लगे हैं। नगर निगम भिलाई 3 दिन से होर्डिंग हटाने का कार्य कर रहा है। होर्डिंग के लिए नियुक्त एजेंसियों को कई बार नोटिस देकर होर्डिंग हटाने के लिए कहा गया था , परंतु दिखावा मात्र की कार्यवाही करने के कारण नगर निगम ने पूरे शहर से अवैध होर्डिंग को हटाने का फैसला लिया और कार्यवाही प्रारंभ की। शहर की सुंदरता के मद्देनजर अवैध होर्डिंग को हटाने का काम प्रत्येक जोन क्षेत्र में किया जा रहा है। निगम की जेसीबी होर्डिंग को हटाने का काम कर रही है। प्रारंभिक तौर पर नेशनल हाईवे से लगे हुए सर्विस रोड के समीप के होर्डिंग को हटाया जा रहा है। बेतरतीब तरीके से लगे होर्डिंग दिखने में भी भद्दे नजर आते थे, सिमिलर पैटर्न नहीं होने के कारण शहर की सुंदरता को भी प्रभावित कर रहा था। वहीं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर अब शहर में सिमिलर दिखने वाले यूनीपोल का कांसेप्ट लाया जाएगा। इसके लिए महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर की परिषद ने यूनीपोल लगाने के कार्य पर मुहर लगा दी थी। बहुत जल्द ही इस पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया एवं विभागीय प्रक्रिया जारी है। एक निश्चित साइज , ऊंचाई एवं ट्रैफिक आदि को ध्यान में रखते हुए मेट्रो सिटी की तर्ज पर यूनीपोल लगाए जाएंगे। इसीलिए होर्डिंग हटाने का कार्य किया जा रहा है , यह यूनीपोल लगाने के पूर्व की प्रारंभिक प्रक्रिया है। विज्ञापन के लिए होर्डिंग आदि का इस्तेमाल किया जाता रहा है , लेकिन आधुनिक युग में इसकी उपयोगिता कम होती जा रही है, बहुत से कारणों से होर्डिंग अब विज्ञापन के लिए लोकप्रिय नहीं रहा है। परंतु यूनीपोल के लग जाने से शहर की सुंदरता भी अच्छी रहेगी और ट्रैफिक क्लीयरेंस में भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ सकता है। यूनीपोल लगने से शहर व्यवस्थित नजर आएगा। बता दे कि मेट्रो सिटी जैसे बड़े विकसित शहरों में यूनीपोल विज्ञापन के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। मिनी इंडिया के नाम से प्रचलित भिलाई शहर में भी इन्हीं अवधारणा के साथ यूनीपोल लगाए जाएंगे। अब तक हटाए गए अवैध होर्डिंग की बात करें तो लगभग 150 से अधिक होर्डिंग हटाए जा चुके हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर होर्डिंग हटाने में सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू , परमेश्वर चंद्राकर, मलखान सिंह सोरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर बेतरतीब होर्डिंग को हटाने कार्य किया है, आगे शहर के अंदरूनी इलाके पर लगे होर्डिंग को भी हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

JCB

MALVIYA ROAD, RAIPUR
tbz